राजस्थान पत्रिका
य एषु सुप्तेषु जागर्ति
कोलकाता, सोमवार
21 दिसम्बर, 09

टैक्स एकरूपता की मांग

पत्रिका संवाददाता

कोलकाता, 20 दिसम्बर। फेडरेशन ऑफ कोरगेटेड बॉक्स मेनुफेक्चर्स (एफसीबीएम) ने केन्द्र सरकार के कोरुगेटेड बॉक्स पर लगाए गए एक्साइज डयूटी टैक्स को एकरूपता से लागू करने की मांग की है।

एफसीबीएम के 38वें वार्षिक सम्मेलन समापन पर अध्यक्ष आर.जी. अग्रवाल ने कहा कि कंपनी छोटे व बड़े कोरुगेटेड बॉक्स तैयार करती है। केन्द्र सरकार ने कंपनी के पेपर खरीद पर 4 व विक्रय पर 8 प्रतिशत एक्साइज टैक्स रखा है। जबकि पेपर मील को पेपर खरीद करने व बेचने पर महज 4 प्रतिशत एक्साइज टैक्स ही देना पड़ता है। इस तरह भिन्न टैक्स के साथ सरकार कंपनी से सौतेला व्यवहार कर रही है।

उन्होंने कहा कि बंगाल में ट्रेनिंग सेंटर खोलने के लिए राज्य सरकार से बातचीत की गई है। कंपनी प्रतिवर्ष 7500 करोड़ रुपए का कारोबार करती है एवं 33 लाख टन क्राफ्ट पेपर खरीदती है।